>

Title: Need to protect crops against damage caused by wild animals in Sabarkantha parliamentary constituency, Gujarat.

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा): मेरा संसदीय क्षेत्र साबरकांठा (गुजरात) जो कि आदिवासी दलित एवं आर्थिक रूप से पिछड़े हुए लोगों का क्षेत्र है। यहां के निवासी ज्यादातर कृषि एवं पशुपालन पर निर्भर करते हैं।

जंगली जानवर जैसे सुअर, नीलगाय इत्यादि झुंड बनाकर तैयार फसलों को नष्ट कर रहे हैं। कृषि प्रभावित हो रही है। किसान हैरान-परेशान तथा दुखी होकर खेती बंद करने पर मजबूर हो रहा है। किसान खेती छोड़कर मजदूरी करने के लिए शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं।

मेरा सरकार से आग्रह है कि जंगली जानवरों से फसलों को बचाने हेतु वन विभाग द्वारा वन क्षेत्र को कंटीली ऊंची तार की तथा जंगल में खाई बनाकर कवर किया जाए तथा फॉरेस्ट लैंड में तालाब का निर्माण कराया जाए जिससे जानवर पानी की तलाश में बाहर न जाएं।

किसानों के खेतों को कंटीली बाड़ से मनरेगा के माध्यम से सुरक्षित करने के लिए तथा चौकीदार नियुक्त करने का आश्वासन मुझे माननीय वन एवं पर्यावरण मंत्री ने लिखित में दिया था। अतः मेरा निवेदन है कि उसका पालन किया जाए।